महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2025 / 564-571 दिनांकः–28.05.2025

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,**
**महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,**
**बरेली।**

**संशोधित**

विषयः– **नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित परास्नातक स्तर पर (एम0ए0, एम0एस–सी0 एवं एम0कॉम) इत्यादि (एम.एस–सी. गृहविज्ञान, एम0एस0डब्लू0, बी0लिब0, एवं एम0लिब0 को छोड़कर) पाठ्यकमों की सम सेमेस्टर एवं विधि (त्रिवर्षीय, पंचवर्षीय व एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम) की प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

नई शिक्षा नीति–2020 से अच्छादित **परास्नातक स्तर पर** पाठ्यकम (एम0ए0, एम0एस–सी0 एवं एम0कॉम) इत्यादि (एम.एस–सी. गृहविज्ञान, एम0एस0डब्लू0 **बी0लिब0 एवं एम0लिब0** को छोड़कर) पाठ्यकमों की सम सेमेस्टर एवं विधि (त्रिवर्षीय, पंचवर्षीय व एल0एल0एम0 पाठ्यकम) की **प्रयोगात्मक** / आन्तरिक परीक्षायें आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है। **परीक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध** में पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2024 / 2302–2309 दिनॉक 15.04.2024 के **अनुसार समस्त** प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। **समस्त महाविद्यालय दिनॉक 30.05.2025 से 25.06.2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करा लें,** किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंकों को **ऑनलाइन** स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं वेवसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी **महाविद्यालयों** द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो **प्रति तैयार की जायेंगी** तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन **प्रकिया के माध्यम से ही** स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती **मूल्यॉकन** (Challenge Evaluation) से अच्छादित हैं, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें **तथा** विश्वविद्यालय द्वारा मॉगें जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक **देय होगा।**
4. **परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के** सील्ड पैकेट **पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते हैं।**

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक **कार्यवाही हेतु** प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेवसाइट को **विश्वविद्यालय** की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति **महोदय के संज्ञानार्थ** प्रेषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।
7. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक